# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 13.04.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह द्वारा भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले अभियुक्त 1. गुड्डू पुत्र लहगुरिया निवासी सकरौंहा 2. कुलदीप पुत्र स्व0 कंधीलाल निवासी ऐलहा 3. चुनकौना पुत्र बुद्दा निवासी कटरा मजरा गिदुरहा 4. राजेश पुत्र रामदास निवासी गिदुरहा 5. जगनारायण पुत्र मुन्नीलाल निवासी चमरौड़ी 6. गुलाब पटेल पुत्र बुद्धिमान 7. समरनाथ पुत्र रामलखन निवासीगण दराई 8.भोण्डा पुत्र कल्लू निवासी कोटरा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री श्याम प्रतात पटेल के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री मातादीन तथा उनके हमराही द्वारा मु0नं0 2550/2020 धारा 279,304ए भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त गुरु प्रसाद शुक्ला पुत्र शिवशंकर प्रसाद निवासी रमयापुर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री मातादीन थाना पहाड़ी

2.आरक्षी नवीन कुमार

(4).  पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सीतापुर तथा चौकी खोही परिक्रमा मार्ग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कपसेठी में छापेमारी की गयी, इस दौरान अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र राम आधार निषाद निवासी कटैया खादर थाना मऊ हाल पता सागे गंगे का घर कपसेठी थाना कोतवाली जनपद चित्रकूट को 265 लीटर कच्ची शराब, 03 क्विंटल लहन व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदशुदा लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 60(2) आबकारी अधिनियन के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगीः-**

265 लीटर कच्ची शराब

03 क्विंटल लहन

शराब बनाने के उपकरण

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री मेवालाल मौर्या चौकी सीतापुर

2.उ0नि0 श्री गौरव तिवारी चौकी प्रभारी सीतापुर

3.उ0नि0 श्री रामेश यादव चौकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग

4.आरक्षी अतुल परिहार

5.आरक्षी अमर

6.महिला आरक्षी सोनी मिश्रा

7.महिला आरक्षी राखी

(5).    पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री अशुतोष तिवारी के नेतृत्व में थाना सरधवु पुलिस टीम ग्राम बक्टा खुर्द में दविश दी गयी जिसमें 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 250 लीटर कच्ची शराब, 15 क्विंटल लहन, शराब बानने के उपकरण व यूरिया बरामद  किया गया।

(क). अभियुक्त संतोष कुमार निषाद पुत्र शारदा प्रसाद उर्फ वंशी व आरती पत्नी संतोष कुमार निषाद निवासीगण बक्टा बुजुर्ग को 150 लीटर अपमिश्रि कच्ची शराब,15 क्विंटल लहन, शराब बनाने के उपकरण तथा यूरिया व नौसादर के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदशुदा लहन व भट्टी मौके पर नष्ट की गयी। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सरधुवा में मु0अ0सं0 59/20264 धारा 60(2) आवकारी व 272 भादवि0 पंजीकृत किया गया।

(ख). अभियुक्ता गायत्री निषाद पत्नी जयराम निषाद निवासी बक्टा खुर्द थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को 100 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सरधुवा में मु0अ0सं0 60/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**बरामदगीः-**

1.15 क्विंटल लहन

2.250 लीटर कच्ची शराब

3.शराब बनाने के उपकरण

4. यूरिया व नौसादर

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोश तिवारी

2.उ0नि0 श्री मुन्नीलाल

3.उ0नि0 श्री शिवमणि मिश्रा

4.उ0नि0 श्री राजेन्द्र प्रसाद
5.आरक्षी दिनेश यादव
6.आरक्षी धर्मेन्द्र द्वितीय
7.आरक्षी ललित सोनी
8.महिला आऱक्षी रचना प्रजापति
9.महिला श्यामलली

**(6).** आज दिनाँक-13.04.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की थाना बहिलपुरवा का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया । महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय में रजिस्टरों का अवलोकन कर उचित रख-रखाव व अद्यवधिक करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। महोदय द्वारा सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, थाना परिसर का भ्रमण कर थानाध्यक्ष बहिलपुरवा श्री राम सिंह को शस्त्रों का पुलिस लाइन आर्मरी से सत्यापन कराने,प्राइवेट शस्त्रों के रख-रखाव हेतु अलग व्यवस्था किया गया एवं खिड़कियों के टूटे शीशों को लगवाने हेतु रिपोर्ट प्रेषित कर साफ-सफाई हेतु निर्देश दिये गये।

(7). लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्विघ्न, सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर आज दिनांक 13.04.2024 को जिलाधिकारी श्री अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने 236- विधानसभा चित्रकूट के अंतर्गत वल्नरेवल बूथ प्राथमिक विद्यालय वारामाफी, प्राथमिक विद्यालय बंदरी एवं 237- विधानसभा मऊ-मानिकपुर के अंतर्गत वल्नरेवल बूथ कंपोजिट विद्यालय डोंडा माफी एवं प्राथमिक विद्यालय रम्पुरिया का औचक निरीक्षण कर विद्यालय परिसर में चौपाल लगाकर ग्राम वासियों से आने वाले लोकसभा के निर्वाचन के दौरान मतदान तिथि 20 मई 2024 को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने ग्राम वासियों से निर्वाचन के दौरान आपसी विवादों के बारे में भी जानकारी की गई। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता किसी के प्रलोभन एवं डराने धमकाने तथा बहकावे पर नहीं आएंगे, अपने मताधिकार का प्रयोग अपनी स्वेच्छा से करें। कोई व्यक्ति अगर आप लोगों को डराता या धमकाता है तथा प्रलोभन देता है तो उसकी जानकारी उपलब्ध कराए तत्काल कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने बूथ लेवल ऑफीसरों को निर्देश दिए कि इस निर्वाचन में 80 प्रतिशत से ऊपर मतदान कराना है। ग्राम प्रधानों को निर्देश दिए की बूथों पर मतदान के दिन छाया पानी आदि सभी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। रम्पुरिया ग्राम के निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान सरैया को निर्देश दिए की तत्काल बूथ पर रैंप बनवाया जाए तथा अच्छी तरह से इसकी साफ सफाई कार्य कराया जाए, प्रकाश व्यवस्था पानी आदि सभी रहना चाहिए, चौपाल के दौरान जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक को ग्राम वासियों ने पेयजल विद्युत तथा आवासों के संबंध में समस्याएं बताईं जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत आप लोगों को जल्द ही शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाएगा तथा विद्युत व्यवस्था भी विद्युत विभाग के अधिकारियों को भेज कर ठीक कराया जाएगा। आवास के संबंध में खंड विकास अधिकारी मानिकपुर को निर्देश दिए की जिन लोगों को आवास नहीं मिला है उसकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि निर्वाचन के बाद ग्राम वासियों को आवास दिलाया जा सके। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने बूथ लेवल ऑफीसरों से 85 प्लस मतदाता, मृतक मतदाता, दिव्यांग मतदाता, महिला, पुरुष मतदाता एवं नए मतदाता के संबंध में जानकारी की। बूथ लेवल ऑफीसरों को यह भी निर्देश दिए की 85 प्लस के जो मतदाता है अगर वह मतदान केंद्र पर मतदान करने में असमर्थ हों तो उनके प्रपत्र भरवाकर तत्काल उपलब्ध कराया जाए ताकि मतदान दिवस के दिन उनके मताधिकार का प्रयोग कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने ग्राम वासियों से कहा कि मतदान के दिन 20 मई 2024 को आप लोग भय मुक्त होकर अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करें। अगर कोई किसी प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। मतदान के दिन जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। इसके पूर्व जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक में 85 प्लस के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विद्यालय की छात्राओं से मतदान दिवस के दिन अधिक से अधिक मतदान किए जाने के संबंध में स्टीकर भी चस्पा कराये गये।
निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी कर्वी श्री सौरभ यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, नायब तहसीलदार कर्वी श्री मंगल सिंह, उपजिलाधिकारी मानिकपुर श्री पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जयकरन सिंह, तहसीलदार मानिकपुर श्री अखिल कुमार, खंड विकास अधिकारी मानिकपुर श्री पीयूष त्रिपाठी, खंड शिक्षा

अधिकारी कर्वी चित्रकूट श्री कृष्ण दत्त पांडे, थानाध्यक्ष पहाड़ी श्री श्याम प्रताप पटेल, थानाध्यक्ष भरतकूप श्री प्रवीण कुमार सिंह, थानाध्यक्ष मारकुंडी श्री मनीष कुमार, थानाध्यक्ष मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह, चौकी प्रभारी सरैया श्री यदुवीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

(8). आज दिनांक 13.04.2024 को आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टिगत उपजिलाधिकारी राजापुर श्री प्रमोद कुमार झा एवं क्षेत्राधिकार राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय द्वारा थाना राजापुर अंतर्गत वल्नरेबिल बूथ ग्राम रायपुर में तथा उपजिलाधिकारी मऊ श्री राकेश कुमार पाठक एवं क्षेत्राधिकार राजापुर द्वारा थाना रैपुरा अंतर्गत वल्नरेबल पोलिंग बूथ गैलरी एवं हनुमानगंज में भ्रमण कर बूथ का निरीक्षण किया गया एवं ग्राम वासियों से जन संवाद कर लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र निर्भीक निष्पक्ष अधिक से अधिक मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामवासियों से उनकी समस्याएं पूछी गई एवं निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

**(9).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण,भयमुक्त एवं स्वतंत्र सम्पन्न कराए जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री अजीत कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना मऊ पुलिस एवं मणिपुर एस.ए.पी फोर्स के जवानों द्वारा थाना मऊ क्षेत्रान्तर्गत कस्बा मऊ,खण्डेहा,हन्ना विनैका एवं मवईकला पर भ्रमण करते हुए बल्नरेबुल बूथ में एरिया डोमिनेशन कर मतदान केंद्रों का भ्रमण किया गया । इस दौरान आम जनता को भरोसा दिलाया कि निर्भीक एवं स्वतंत्र होकर मतदान करें।